भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 06.08.2025

आरेडिका में स्वच्छता अभियान 2025 के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में 1 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक स्वच्छता अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने हेतु इंजीनियरिंग विभाग ने आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का विवरण जारी किया है। तथा 1 अगस्त को स्वच्छता शपथ के साथ विभिन्न प्रकार के स्वच्छता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया

2 अगस्त को आरेडिका आवासीय परिसर में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु "स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत" की थीम के साथ प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। "आजादी का जश्न, स्वच्छता के संकल्प संग" तथा "स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत कार्यक्रम" के तहत स्काउट एवं गाइड के द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं काव्य पाठ का आयोजन किया गया।

3 अगस्त को आरेडिका के जन सम्पर्क विभाग द्वारा स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए कई स्थानों पर स्वच्छता सेल्फी बूथ, सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों जैसे– फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, यूट्यूब, पब्लिक एप आदि के माध्यम से इस मुहीम को जन–जन तक पहुचाने का प्रयास किया गया,जो कि लगातार जारी है।

4 अगस्त को सामूहिक श्रमदान के माध्यम से आरेडिका सौलर पेनल, मथना नाला के आस–पास साफ– सफाई की गयी। 5 अगस्त को आरेडिका के सरस्वती प्रेक्षागृह के सामने साफ– सफाई की गयी। 6 अगस्त एडमिन कार्यालयों तथा फैक्ट्री परिसर स्थित कार्यालयों में लोगों द्वारा साफ– सफाई कर इस अभियान को गति प्रदान की जा रही है।

आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने बताया कि आरेडिका प्रशासन "स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत" मुहीम में सरकार के प्रयासों को सकार रूप प्रदान करने के लिए दृढ संकल्पित है। सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सभी यूनियनों के कर्मचारी प्रतिनिधियों को स्वच्छता अभियान में विशेष योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

06/8/2025

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी